हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025

9 साइबर अपराध पर लगाम के लिए जागरूक होगा जरूरी...




9 क्रेसंट स्कूल के नन्हे शतरंज सितारों ने लहराया परचम



## खबर संक्षेप

### पूर्व चेयरमैन के घर से लाखों के गहने चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव भोडिय़ाखेड़ा में चोरों ने पूर्व चेयरमैन के घर से लाखों रुपये के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही सदर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भोडिय़ाखेड़ा निवासी कांशीराम, पूर्व चेयरमैन ने कहा है कि गत दिवस अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए और अलमारी में से 5 तोले सोने का कहार, 2 तोले की कानों की बालिया, आधा तोले सोने का टीका, साढ़े 3 तोले की 4 अंगूठियां चोरी कर ले गए है।

### प्रकाशोत्सव पर किया श्री सुखमणी साहिब पाठ

**रतिया।** पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित श्री सुखमणी सेवा सोसायटी द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर सोसायटी सदस्यों द्वारा श्री सुखमणी साहिब के पाठ किया जा रहा है, जिसमें बढ़ चढ़ कर शामिल संगत ने श्री सुखमणी साहिब जी का पाठ किया।

### फतेहाबाद क्षेत्र से दो युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा शहर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में मातूराम कालोनी निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 35 वर्षीय देवरानी अपने दोनों बच्चों को उसके घर पर छोडक़र कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घार नहीं लौटी है।

### बीड़ी से खेत में लगी आग, पाया काबू

**फतेहाबाद।** शहर के साथ लगते एरिया खैरातीखेड़ा से मानावाली रोड स्थित खेतों में आग लग गई। बताया जा रहा है कि किसी शरारती तत्व ने बीड़ी पीकर उसका हिस्सा खेत में फेंक दिया। इस जलते हुए बीड़ी के हिस्से से खेत में आग लग गई। आग के कारण 2.5 एकड़ में फसल अवशेष जल गए। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे फायर कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

### भूसे में लगाई आग केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव चाहरवाला में एक किसान द्वारा गेहूं के भूसे में आग लगाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चाहरवाला निवासी भीम सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार सहित खेतों में बनी ढाणी में रहता है। उसने बताया कि उसके साथ लगती जमीन के मालिक रमेश पुत्र माडुराम ने बीती 18-19 अप्रेल की रात्रि को गेहूं के भूसे में आग लगा दी और स्वयं घर चला गया।

### लावारिस अस्थियों लेकर 26 को रवाना होगा दल

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट की एक बैठक प्रधान राजेश फुटेला की अध्यक्षता में जनता भवन रोड स्थित कार्यालय में हुई, जिसमें ट्रस्ट द्वारा कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ट्रस्ट द्वारा लावारिस अस्थियों के विसर्जन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट द्वारा 26 अप्रेल को शिवपुरी सिरसा से लावारिस अस्थियों के साथ ट्रस्ट सेवादारों का जत्था रवाना होगा।
उल्लेखनीय है कि लंबे समय से नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट मानवता की मिसाल बना हुआ हैं। ऋषिकेश स्थित श्री नीलकंठ महादेव प्रांगण में नए वर्ष के अवसर पर वार्षिक भंडारा भी लगाया जाता हैं।

### आज काले झंडे लेकर बाजार में करेंगे प्रदर्शन

# हटाए कर्मियों की नौकरी बहाली व शोषण के खिलाफ उठाई आवाज

**नप कर्मियों ने 8वें दिन भी गेट मीटिंग कर जताया विरोध, बैठक की अध्यक्षता सचिव ओम प्रकाश लोट ने की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों द्वारा सोमवार को 8वें दिन भी ईकाई प्रधान विजय ढाका की अध्यक्षता में नगर परिषद प्रांगण विरोध प्रदर्शन किया गया। आज की गेट मीटिंग का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, नए पद सृजित करने, ठेकेदार द्वारा हटाए गए कर्मचारियों की नौकरी बहाली, समय पर वेतन, साप्ताहिक छुट्टी, ठेकेदार के शोषण के खिलाफ कर्मचारी 22 अप्रैल मंगलवार को हाथों में उलटी झाडू व काले झंडे लेकर शहर के मुख्य बाजारों में प्रदर्शन करेंगे।

इसके अलावा 23 अप्रैल को फतेहाबाद, भुना, टोहाना, रतिया व जाखल के सभी कर्मचारी जिला नगर आयुक्त कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन कर अपनी न्याय उचित मांगों को उठाएंगे। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ईकाई प्रधान विजय ढाका व सचिव ओम प्रकाश लोट ने बताया कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को ना तो समय पर वेतन दे रहा है और ना ही साप्ताहिक अवकाश दिए जा रहे हैं। नियम अनुसार 90 कर्मचारी ठेकेदार ने लगाने है लेकिन ठेकेदार 50 से 60 कर्मचारियों से ही सारा काम करवा रहा है।

फर्जी नाम दिखाकर ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों का जमकर शोषण किया जा रहा है।



**फतेहाबाद।** गेट मीटिंग में भाग लेते नगरपरिषद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### शोषण के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा नगर परिषद में नगर पालिका कर्मचारी संघ के खिलाफ शिकायत दी है और कहा है कि उसके कर्मचारियों को बहला कर आंदोलन में बिठाया है, लेकिन ठेकेदार के कर्मचारियों ने ठेकेदार के शोषण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व कहा कि हम अपनी न्याय उचित मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं। वेतन देरी के कारण उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे क्योंकि वह न तो बच्चों की फीस भर पा रहे हैं और न ही किताबें खरीदें कर दे सकते हैं। जब वह ठेकेदार के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हें काम से हटाने की धमकी दी जाती है। ऐसे में ठेकेदार के खिलाफ वह आंदोलन में भाग ले रहे हैं। आज की गेट मीटिंग को नरेश राणा, वीरू रत्ती, ओम प्रकाश झलानिया, पवन चिंडालिया, रंजना, शकुंतला आदि ने भी संबोधित किया।

# पक्षियों की प्यास बुझाने में जुटी संस्था

- जीव ही जीवन संस्था के सदस्यों ने सिकोरे लगाने का अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

जीव ही जीवन संस्था के सदस्यों द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सिकोरे लगाने का अभियान चलाया हुआ है। इसी के तहत संस्था के सदस्यों ने हरियाणा के चोपटा क्षेत्र के गांवों में सिकोरे लगाए और अब नाथूसरी चोपटा से लेकर सालासर बालाजी धाम तक हरियाणा और राजस्थान में गांव-गांव में सार्वजनिक स्थानों पर 1000 सिकोरे लगाए हैं। इस अनोखी पहल की सभी लोगों ने सराहना की है। नाथुसरी चोपटा से सालासर धाम के लिए रवाना हुए जत्थे में विनोद पूनिया, राकेश गोरछिया, रजनीश कासनिया, बीके मंदोरी, सतबीर सहारण, प्रदीप मिल, जानी शर्मा सहित कई बालाजी के भक्तों ने भादरा, तारानगर, दो जांटी धाम फतेहपुर स्थित बालाजी पैंतालिसा धर्मशाला में सिकोरे लगाएं। इस अवसर पर प्रधान सुभाष बैनीवाल, हरि सिंह सहारण शक्कर मंदोरी, पालाराम कासनिया जगदीश कासनिया, राधे कृष्ण बैनीवाल, राय सिंह बांदर तरकांवाली, सोहनलाल नंबरदार सहित कई लोग मौजूद रहे।



**सिरसा।** सिकोरे लगाते संस्था के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# जली फसलों की भरपाई करे सरकार

- किसान सभा ने सोमवार को उपमंडलाधीश को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

किसान सभा ने फतेहाबाद में आगजनी की घटनाओं से किसानों को हुए नुकसान की तुरंत भरपाई करने की मांग की है। इसको लेकर किसान सभा ने सोमवार को उपमंडलाधीश को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के कई जिलों में गेहूं की फसलों में हुई आगजनी की घटनाओं से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पिछले एक हफ्ते में फतेहाबाद जिले में गांव समैण, सनियाना, कासिमपुर, बड़ोपल, धांगड़, झलनियां सहित अनेक गांवों में आंधी तूफान के चलते तो कहीं बिजली केबलों में शार्ट सर्किट होने के कारण सैंकड़ों एकड़ गेहूं की फसल और फाने जलकर नष्ट हो गए है। इसके चलते किसानों को काफी आर्थिक नुकसान वहन करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि किसान की मुख्य गेहूं की फसल खत्म होने से उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ गया है और ठेके या हिस्से पर खेती करने वाला किसान तो इस नुकसान को बहन करने में भी असमर्थ है।


**फतेहाबाद।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी।

# पेयजल के लिए जूझ रहे गिंदड़ावासी

- ग्राम पंचायत ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या के समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले के गांव गिंदड़ा व आस-पास के गांवों में पिछले करीब एक साल से नहरी पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों को पीने के लिए पानी व किसानों को सिंचाई के लिए लाले पड़े हुए है। ग्रामीणों को सबसे अधिक पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। सोमवार को आखिरकार इन समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों ने सरपंच जसवंत सिंह घोड़ेला की अगुवाई में जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा से मिले और समस्या के समाधान की गुहार लगाई। उपायुक्त कार्यालय पहुंचे सरपंच जसवंत सिंह घोड़ेला, पंचायत समिति सदस्य रामदयाल, घोड़ावाली सरपंच लक्ष्मण दास, पूर्व सरपंच घोड़ावाली दलीप सिंह छापौला, मुकेश कुमार, रमन कुमार, दलीप गोदारा, सुभाष, अमर सिंह सहित अन्य ने बताया कि गांव गिंदड़ा, घोड़ावाली आदि में सहदेवा डिस्ट्रीब्यूटरी नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे पीने के पानी व सिंचाई की गंभीर समस्या बनी हुई है। पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी नहीं आने के कारण किसानों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हालांकि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गांव में बकाया नहर को पक्का कराए जाने का आश्वासन हुआ है, लेकिन बुर्जी नंबर 68 से 77 तक नहर को कच्चा छोड़ा गया है।


**सिरसा।** नहरी पानी की मांग को लेकर लघुसचिवालय में रोष जाहिर करते ग्रामीण।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति का फूंका पुतला

- जेडी वेंस की भारत यात्रा के खिलाफ किसान सभा ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के खिलाफ किसान सभा द्वारा सोमवार को फतेहाबाद में जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। किसानों ने जेडी वेंस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला भी फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने किया वहीं संचालन जिला सचिव मा. राजेन्द्र बाटू ने किया। इस अवसर पर रामस्वरूप ढाणी गोपाल, साधुराम, नेकीराम, जगतार सिंह, केवल सिंह, संजय कुमार, बलबीर सिंह, सुभाष भादू, अमर सिंह, हनुमान सिंह, साधुराम लाट, संजय साई सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा व जिला सचिव मा. राजेन्द्र प्रसाद बाटू ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे घुटने टेक दिए हैं और कृषि उत्पादों सहित अमेरिकी उत्पादों के लिए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने जोर देकर कहा है कि भारत को अपना कृषि बाजार खोलना चाहिए और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में कृषि को बाहर नहीं रखा जा सकता।


**फतेहाबाद।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंकते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

#### बाजार में आएगी गिरावट

किसान नेताओं ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार 2030 तक मिशन 500 के तहत, कुल व्यापार को दोगुना करके 500 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिका से सस्ता कपास, सोयाबीन, मक्का, सेब आदि भारत में डंप किया जाएगा, जिससे बाजार में भारी गिरावट आएगी। इससे भारतीय किसानों के लिए कीमतों में भारी गिरावट आएगी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा भारत सरकार और कॉरपोरेट नेतृत्व वाले शासक वर्गों पर दबाव डालने का एक हिस्सा है, वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अप्रत्याशित मुनाफाखोरी की सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय हितों को त्याग रहे है।

किसान नेताओं ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौता डेयरी किसानों के लिए मौत की घंटी साबित होंगे।


**सिरसा।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता सुनित मुखर्जी। *फोटो : हरिभूमि*

# राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर सीडीएलयू में कार्यक्रम

- चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में जनसंपर्क दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के पूर्व जनसंपर्क निदेशक एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के शिक्षक सुनित मुखर्जी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। सुनित मुखर्जी ने कहा ने पीआर (जनसंपर्क) एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि एक पैशन है। यदि आप पीआर में आना चाहते हैं तो आपके अंदर पैशन, पॉजिटिव एटीट्यूड, परसुएसिव कम्युनिकेशन और परसीवरेंस इन एफर्ट्स होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं पीआर में डिफॉल्ट से आए, लेकिन अब यह उनका प्रेम और सेवा का माध्यम बन चुका है। मुखर्जी ने बताया कि जनसंपर्क को जनहित से जोड़कर सामाजिक-सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जनसंपर्क सिर्फ जीवन यापन का साधन नहीं, यह जनकल्याण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारत में 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया जाता है क्योंकि 1968 में इसी दिन नई दिल्ली में पहला अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें प्रोफेशनल एप्रोच विषय पर चर्चा हुई और 'कोड ऑफ एथिक्स को अपनाया गया। डिजिटल युग में जनसंपर्क की भूमिका पर बोलते हुए मुखर्जी ने कहा कि आईसीटी और सोशल मीडिया ने पीआर के क्षेत्र में असीम संभावनाएं उत्पन्न की हैं।

# अब तक 1,33,651 एमटी गेहूं का उठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 133651 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 18142 मीट्रिक टन, हैफेड ने 59870 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 45072 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 10567 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 20409 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 310.32 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों मं गेहूं की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 20409 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 334500 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 2427 किसानों की 38890 मीट्रिक टन, हैफेड ने 7726 किसानों की 151201 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 8005 किसानों की 129716 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 2251 किसानों की 14692 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

#### 130886 क्विंटल सरसों फसल की आवक

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 130886 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 15569 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 72845 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 42472 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 111951 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 8589 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 65729 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 37633 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है।

### बदमाशों ने लूटपाट की दो घटनाओं को दिया अंजाम

**फतेहाबाद।** टोहाना में लूटपाट की दो अलग-अलग घटनाओं में बदमाश हजारों की नकदी व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। दोनों मामलों में सदर टोहाना पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पहले मामले में तीन बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर उससे मोबाइल व नकदी छीन ली। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर टोहाना निवासी इन्द्रपाल ने कहा है कि गत दिवस देर रात को टोहाना आ रहा था। रास्तें में तीन युवकों ने उसे रोक कर हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद उसका मोबाइल व नकदी छीन ली।

### समाधान शिविर में एसडीएम व सीटीएम ने नागरिकों की सुनीं शिकायतें

# झलनियां में तैयार नहीं अमृत सरोवर, रखी शिकायत

- जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे द्व तक समाधन शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जनता की शिकायतों का निवारण करना अधिकारियों का दायित्व है। इसलिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समाधान शिविर में जो भी शिकायतें आती है, उनका तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश निर्देश सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए संयुक्त रूप से उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निवारण किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में अपनी शिकायतें रख सकते हैं।


**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते अधिकारी।

#### शिविर में प्राप्त शिकायतें

समाधान शिविर में ढिंगसरा निवासी कृष्ण कुमार ने अपार आईडी बनवाने, झलनियां निवासी महाबीर ने अमृत सरोवर तैयार ना होने, फतेहाबाद के सुंदर नगर निवासी रामचंद्र ने कब्जा छुड़वाने, वार्ड नंबर 7 भूना निवासी पियूष ने वार्ड में सीवरेज लाइन डालने, धांगड़ निवासी सतबीर ने पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड, ढांड निवासी कैलाश ने एमएलआर कटवाने, अयाल्की निवासी तेजभान ने पीएमएवाई, पिरथला निवासी सिलोचना ने सीएम विंडो शिकायत पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने, झलनियां निवासी सोहन ने पीपीपी में अज्ञात व्यक्ति का नाम हटवाने, अयाल्की निवासी बनारसी ने प्लाट की रजिस्ट्री बारे अपनी शिकायत रखी। इसी प्रकार से भूथन कलां निवासी औम प्रकाश ने खड़ी गेहूं की फसल जलने पर मुआवजा दिलवाने, अयाल्की निवासी दिलजीत ने पीएमएवाई के तहत मकान बनवाने आदि शिकायतें रखी।

हरिभूमि
रोहतक मंगलवार
22 अप्रैल 2025

# सहेली



विशेष : पृथ्वी दिवस

आज धरती का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषित पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग हमारी धरती के सामने बहुत बड़े संकट बनकर खड़े हैं। इस समस्या को वही गहराई से समझ सकता है, जो संवेदनशील है। ऐसी संवेदनशीलता महिलाओं में ही दिखती है। धरती हरी-भरी रहे, संरक्षित रहे, इसके लिए महिलाएं निरंतर एक प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रही हैं। दुनिया भर के पर्यावरणविद भी इस बात को स्वीकारते हैं कि हमारे पर्यावरण को सरकारें नहीं, महिलाएं ही बचा सकती हैं। पृथ्वी के संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी पर एक जरूरी विमर्श।

## महिलाओं के ही हाथ सुरक्षित है धरती

आवरण कथा

**संध्या सिंह**

पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं है, हम पृथ्वी को धरती मां भी कहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे स्त्री केवल एक इंसान भर नहीं है, वह मां भी है। धरती और स्त्री दोनों में बहुत-सी समानताएं हैं, दोनों ही जीवन देती हैं, दोनों ही जीवन को पालती हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के उसे सहेजती भी हैं। इसलिए जब हम पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) मनाते हैं, तो दिलो-दिमाग में यह आना स्वाभाविक है कि धरती को बचाने की सबसे मजबूत आशा महिलाओं से ही की जाती है। विशेषकर उन महिलाओं की ओर हमें देखना होगा, जो मिट्टी से जुड़ी हैं, जंगल को जानती-समझती हैं, जल संरक्षण करती हैं, जिनके कंधों पर सदियों से कृषि का भार रहा है। ये सब महिलाएं हैं, जिन्हें चाहे कोई कहे या न कहे, ये पर्यावरण की स्वतः रक्षक हैं। इसलिए दुनिया को धरती बचाने की मुहिम में महिलाओं को कारगर भूमिका में लाना चाहिए, तभी धरती के बचने की उम्मीद की जा सकती है।

**पृथ्वी-स्त्री दोनों हैं जन्मदायिनी शक्तियां:** प्रकृति को भी भारतीय परंपरा में धरित्री, वसुधा और भूमाता कहा जाता है, क्योंकि स्त्री की तरह पृथ्वी या धरती भी जननी है। दोनों ही जीवन की संरचना और निरंतरता का आधार हैं। दोनों ही सृजन करती हैं,



एक धरती को हरा-भरा करती है, दूसरी कोख को। दोनों का मूल स्वभाव सहनशीलता और पुनर्निर्माण है, क्योंकि दोनों में संवेदना है। यह अकारण नहीं है कि गांव की लाखों महिलाएं, जो रोज जंगल से लकड़ियां बीन कर लाती हैं, कुएं-पोखरों से पानी भरती हैं, वे कुदरत से बिना कुछ चाहे खुशी-खुशी स्वयंसेवकों की तरह रक्षा करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो समय-समय पर जंगलों की रक्षा के लिए सैनिकों की तरह आगे बढ़कर आई हैं। महिलाएं ही हैं, जो खेतों में जैविक खाद डालती हैं, पेड़ों को कटने से बचाती हैं, क्योंकि उन्हें पता है पेड़ नहीं होंगे तो बारिश नहीं होगी। पूरी दुनिया में अब तक जितने भी जंगल बचाने के लिए आंदोलन हुए हैं, हमेशा इन आंदोलनों में महिलाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की है बल्कि पहली कतार में वही रही हैं।



**क्या कहते हैं शोध:** संयुक्त राष्ट्र संघ की शोध रिपोर्ट बताती है कि जिन देशों में पर्यावरणीय नीतियों में महिलाओं की भागीदारी होती है, वहां वनों की कटाई, जल प्रदूषण और जैव विविधता पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र दुनिया की सभी सरकारों से कहता है कि वो महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, वनीकरण और स्थाई खेती से जोड़ें। क्योंकि महिलाएं जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में निर्णायक रूप से भूमिका निभाती हैं। दरअसल, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षिक रूप से भी निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं। देखा गया है कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के प्रति अनुकूल भाव रखती हैं, वे हमेशा हरित विकल्पों को तरजीह देती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो दुनिया में 90 फीसदी जल संग्रह करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो जैविक बागवानी का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर शुद्ध बीजों की सुरक्षा महिलाओं की बदौलत ही हो पा रही है।

**धरती और स्त्री दोनों शोषित:** शायद इसलिए भी धरती के बोझ का दुख महिलाएं ज्यादा संवेदनशीलता से समझती हैं, क्योंकि धरती की तरह ही वे भी शोषित हैं। महिलाओं को समाज में अकसर निचले स्तर के कामों तक सीमित रखा जाता है। शिक्षा से वंचित और निर्णय लेने के मामले में उन्हें बाहर रखा जाता है, इसलिए दुनिया में कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं, कई तरह की आक्रामकताएं हैं, क्योंकि नीतिगत निर्णय के मामले में महिलाओं को पुरुषों ने जान-बूझकर पीछे रखा है। वक्त आ गया है कि अब इस अन्याय को सुधारा जाए और धरती और स्त्री दोनों को ही सम्मान मिले, दोनों को ही अपनी-अपनी संवेदनशीलता के लिए आवाज मिले, क्योंकि धरती का दुख महिलाएं ही बेहतर जानती हैं। इसलिए महिलाओं के हाथ में ही धरती की सुरक्षा का भार सौंपना अक्लमंदी है।

**धरती का अंधाधुंध दोहन नहीं करतीं महिलाएं:** महिलाओं के हाथों में धरती को इसलिए सुरक्षित माना गया है, क्योंकि वो अंधाधुंध दोहन के दर्शन को नहीं मानतीं, वे मिलकर जीने के सिद्धांत की समर्थक होती हैं। महिलाएं कभी भी पर्यावरण को उस तरह हृदयहीनता से नुकसान नहीं पहुंचातीं, जैसे आमतौर पर धरती को पुरुष नुकसान पहुंचाते हैं। महिलाएं शांति पसंद होती हैं, वे पर्यावरण के साथ बेरहमी से पेश नहीं आतीं, इसलिए वक्त आ गया है कि धरती के सामने जो सवालिया निशान लगा है, उस निशान को हटाने के लिए यह भूमिका महिलाओं की दी जानी चाहिए। ❁

### पर्यावरण संरक्षक

**महिलाएं जन्मजात** पर्यावरण संरक्षक होती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो भारत के गांवों में जलस्रोतों की देखभाल करती हैं, पूरे देश में जैविक खाद तैयार करती हैं, बीजों को सहेजती हैं। जंगल, चारागाह, तालाब ऐसी विरासतें हैं, जिनकी देख-रेख आज भी महिलाओं के कंधों पर ही टिकी है, क्योंकि इनके प्रति उनका बेहद संवेदनशील रवैया है। ये महिलाओं का स्वभाव ही है, जो उन्हें पर्यावरणीय फैसलों का स्वाभाविक अगुवा बना देता है। यह सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं है, संयुक्त राष्ट्र संघ भी इस बात की तस्दीक करता है कि धरती के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशीलता अगर कोई रखता है तो वे महिलाएं हैं। साल 1973 में जब भारत में चिपको आंदोलन हुआ था तो ये महिलाएं ही थीं, जो पेड़ों से चिपक जाती थीं। लकड़हारों से कहती थीं, 'अगर पेड़ काटना है, तो पहले हमें काटो।' महिलाओं ने पेड़ों के लिए खुद को दांव पर इसलिए लगाया, क्योंकि वे जानती हैं कि पेड़ नहीं होंगे तो हवा जहरीली हो जाएगी। शायद इसीलिए दुनियाभर के पर्यावरणविद कहते हैं, 'दुनिया के पर्यावरण को सरकारें नहीं बचा सकती, उन्हें सिर्फ महिलाएं ही बचा सकती हैं।'



विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

## किताबें सिखाती हैं जीना



इस नए दौर में अधिकांश लोग हाथों में मोबाइल लिए सोशल मीडिया की दुनिया में खोए रहते हैं। किताबें पढ़ने की हमारी आदत खत्म होती जा रही है, जबकि किताबें हमारी सबसे भरोसेमंद दोस्त होती हैं, जीने की सही राह दिखाती हैं, जो जिंदगी की खुशहाली के लिए जरूरी है।

सलाह

**सरस्वती रमेश**

भावना बहुत अच्छी जॉब में थी, लेकिन एक एक्सीडेंट के चलते उसे अपना बायां पैर खोना पड़ा, जॉब छोड़नी पड़ गई। चलने से मजूबर भावना घर के एक कमरे में सिमट कर रह गई। पति ऑफिस चले जाते, बच्चे स्कूल। घर में बस वह अकेली बचती। उसे टीस होती कि अपने खोए पैर के कारण अब वह जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी। धीरे-धीरे वह बहुत परेशान रहने लगी, चिड़चिड़ी हो गई। अपनी स्थिति के बारे में लगातार सोचने से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। उसका किसी काम में मन नहीं लगता था। तभी एक दिन भावना की सहेली ने उसे एक किताब गिफ्ट की। यह किसी दिव्यांग महिला की ऑटोबायोग्राफी थी कि उसने कैसे अपना जीवन संवारा और आत्मनिर्भर बनी। किताब को पढ़ते ही भावना के भीतर नई आशाएं जागीं। फिर क्या था, भावना ने किताबों से दोस्ती कर ली। हर हफ्ते एक नई किताब पढ़ती। इन्हें पढ़ने से उसे नई दृष्टि मिली। वह अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती। साल भर बाद उसने महसूस किया कि किताबें पढ़-पढ़ कर वह इतना कुछ जान-समझ चुकी है कि उसे अपनी विकलांगता से कोई शिकायत नहीं रही। उसने अपनी लाइफ नए सिरे से प्लान की, भविष्य की सुनहरी राह बनाई। अब वह आत्मनिर्भर है, दूसरों के लिए एक मिसाल है।



**हर किसी को पढ़नी चाहिए किताब:** किताबें हम सबकी सच्ची दोस्त होती हैं। क्योंकि किताबें हमारा अकेलापन छांटती हैं, जीने का सलीका सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। मुश्किलों से उबरने की तरकीब भी बताती हैं। हमारा आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। किताबें पढ़कर हम हर तरह का ज्ञान अर्जित करते हैं, बौद्धिक रूप से समृद्ध होते हैं। किताबें महिलाओं के सशक्तीकरण की राह बनाती हैं।

**पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती:** कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जाता है कि अब हमारी पढ़ने की उम्र नहीं रही। बुढ़ापे में पढ़कर क्या होगा? ऐसे लोगों को केरल की भागीरथी अम्मा से सबक लेना चाहिए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनको किताबें पढ़ने का जुनून था, इसलिए उन्होंने 105 साल की उम्र में चौथी क्लास की परीक्षा दी और पास हुईं। किताबें पढ़ने की अपनी इच्छा उन्होंने पूरी की। इसी तरह महाराष्ट्र के बारामती की रहने वालीं बेबी गुरव को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण बचपन में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। सालों बाद जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो बेबी ने भी बेटे के साथ ही दसवीं की परीक्षाएं दीं और और पास भी हुईं। अब वह जमकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ती हैं, ज्ञान बढ़ाती हैं। ये कहानियां हमें बताती हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उसके लिए सिर्फ हमें किताबों से प्रेम करना आना चाहिए।

**तन्हाई की सबसे भरोसेमंद साथी:** माता-पिता की जिंदगी में एक ऐसा समय आता है, जब उनके बच्चे पढ़ने या जॉब करने के लिए घर से दूर चले जाते हैं। शादी के बाद अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में अकेले रह रहे माता-पिता के लिए किताबें अच्छी दोस्त साबित होती हैं। मन को शांत, एकाग्र और स्वस्थ रखने में किताबें इनकी मदद करती हैं।

**उम्र बढ़ाती हैं किताबें:** किताबें हमारे दिमाग को स्वस्थ और संतुलित रखने में मददगार होती हैं। शोध बताते हैं, नियमित रूप से किताबें पढ़ने से ब्लड प्रेशर सही रहता है। चूंकि किताबें हमारा मनोरंजन करती हैं, इसलिए इनसे तनाव कम होता है। शोध तो यहां तक कहते हैं कि किताबें पढ़ने से उम्र लंबी होती है।

**बदलती है समाज की सोच:** किताबें पढ़कर हम उन्नत विचारों को ग्रहण करते हैं, रूढ़िगत परंपराओं से बाहर आते हैं। किताबें परिवार-समाज को विचारों से प्रगतिशील बनाती हैं। इस तरह किताबें समाज में एक अच्छा बदलाव लाती हैं। इसलिए अपना और दूसरों का भी जीवन बदलने के लिए अधिक से अधिक किताबें पढ़ें। ❁

---


इंटीरियर

**अनु आर.**

घर की दीवारों को सजाने के लिए पेंट या वॉल पेपर का चयन करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, दोनों के अपने-अपने प्लस और माइनस प्वाइंट्स होते हैं। इसलिए अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार आप किसी का भी चुनाव कर सकती हैं।

## चुनें वही जो हो पसंद वॉल पेपर या पेंट





आमतौर पर जब बात घर और ऑफिस के इंटीरियर की आती है तो लोग वॉल पेंट को प्रमुखता देते हैं। इसमें कई स्टाइल, डिजाइन, पैटर्न से घर की दीवारों को सजाने के ऑप्शंस होते हैं। हालांकि पेंट और वॉल पेपर दोनों ही घर के इंटीरियर में अलग-अलग तरह के बदलाव लाते हैं। लेकिन दोनों के ही अपने-अपने फायदे और नुकसान होते हैं। आप इनमें से किसका चयन करना चाहती हैं, यह आपकी पसंद और जरूरत पर निर्भर करता है। इन दोनों में से कौन-सा ज्यादा अच्छा होता है, इसके बारे में अलग-अलग राय हो सकती है।

**वॉल पेपर की क्वालिटीज:** वॉल पेपर लोगों द्वारा इसलिए कम पसंद किए जाते हैं, क्योंकि इसे एक बार लगाने के बाद इसे हटाने का प्रोसेस थोड़ा मुश्किल होता है और इसके लिए प्रोफेशनल की मदद लेनी पड़ती है। उसकी तुलना में पेंट करवाना लोगों को ज्यादा सरल लगता है। वॉल पेपर किसी भी कमरे के एस्थेटिक्स में एक नया बदलाव ले आते हैं। जबकि पेंट में उतनी वैरायटी उपलब्ध नहीं होती। हालांकि वॉल पेपर्स हर घर के लिए उपयुक्त साबित नहीं होते। जिन घरों में बच्चे छोटे होते हैं और जहां पेट्स होते हैं, वहां वॉल पेपर जल्द खराब होने का डर रहता है। इसके अलावा जिन घरों की दीवारों में सीलन ज्यादा होती है, सीलन के कारण वॉल पेपर की शेप खराब हो जाती है और ये फूल जाती हैं। हालांकि वॉल पेपर की खूबी है कि इन पर अगर दाग या धब्बे लग जाते हैं तो उन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है। अगर वॉल पेपर डैमेज हो जाते हैं तो इन्हें दोबारा फिक्स करवाया जा सकता है। हालांकि एक बार अगर वॉल पेपर घर की दीवारों पर लगा दिया जाता है और उसकी केयर की जाए तो यह कम से कम दस साल तक सही रहता है। वॉल पेपर में दीवारों के स्क्रेच या खुरदरेपन को छुपाया जा सकता है, जबकि पेंट में यह संभव नहीं होता। घर अगर बड़ा है और बड़ी दीवारों के लिए वॉल पेपर का इस्तेमाल किया जाता है तो इनमें आने वाले ज्वाइंट्स को अच्छी तरह से बनाना चाहिए। इनमें आने वाले क्रेक्स को भी ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है।



**वॉल पेंट की खासियत:** वॉल पेपर और पेंट की तुलना करने पर हम पाते हैं कि पेंटिंग में काफी समय लगता है, कई मजदूरों की जरूरत पड़ती है। बाद में घर की साफ-सफाई भी अच्छे से करनी पड़ती है। वॉल पेंट सीलन भरी दीवारों पर जल्दी खराब तो होता ही है, बच्चे या पेट्स इन पर दाग-धब्बे लगा देते हैं और थोड़े समय बाद दीवारों पर पेंट पुराने लगने लगते हैं। अगर उस जगह तेज धूप आती हो तो पेंट और भी जल्दी खराब हो सकता है। हालांकि इसके बावजूद वॉल पेंटिंग को अधिकांश लोगों द्वारा पसंद किया जाता है और इसे अधिक टिकाऊ माना जाता है।

**वॉल पेपर का बजट:** वॉल पेपर को लगाने के लिए किसी प्रोफेशनल की जरूरत होती है, जबकि पेंट करने का काम आप फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर स्वयं भी कर सकती हैं। पेंट जगह-जगह से उखड़ जाता है तो इसकी आप खुद रिपेयरिंग भी कर सकती हैं। जबकि वॉल पेपर पर खर्च ज्यादा आ सकता है।

**उपलब्ध हैं कई वैरायटीज:** वॉल पेंट हो या वॉल पेपर, दोनों में ही कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। वॉल पेपर में तो बहुत सारे डिजाइन और वैरायटीज आपको मिल जाएंगी, जो घर के इंटीरियर में पूरी तरह बदलाव ला देती हैं। वॉल पेपर के डिजाइन घर को ज्यादा स्पेशियस दिखाते हैं। उनको कस्टमाइज्ड कराया जा सकता है और इन्हें ऑर्डर पर भी लाया जा सकता है। ❁

---

केयर

**सरिता गुप्ता**

## इस मौसम में ऐसे करें स्किन केयर

गर्मी के मौसम में स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो तेज धूप की वजह से स्किन पर रैशेज, टैन, सनबर्न और एक्ने जैसी बहुत-सी प्रॉब्लम हो सकती हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए हम आपको ऐसे स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

**फेस वॉश करें:** आप जब भी बाहर से घर लौटकर आएं तो सबसे पहले फेस वॉश जरूर करें। इससे आपके चेहरे पर जमा पसीना, धूल, प्रदूषण आदि सब साफ हो जाएगा। ऐसा करने से आप फ्रेश भी फील करेंगी। इसके साथ ही हफ्ते में एक बार स्क्रब भी कर सकती हैं।

**सनस्क्रीन:** वैसे तो सनस्क्रीन का यूज हर मौसम में करना चाहिए, लेकिन गर्मियों में तो घर से बाहर जाते समय एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। यदि ज्यादा देर तक धूप में रहना हो, तो एसपीएफ 50 का यूज करें क्योंकि सूरज से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें, हमारी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सनस्क्रीन हमारी त्वचा को धूप के सीधे संपर्क में आने से भी बचाती है।



**एक्सफोलिएट:** स्किन को हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। इससे फेस बिल्कुल साफ नजर आता है। इसके लिए ऐसे स्क्रब का चयन करें, जो फेस की सूजन को कम करें और डीप क्लीन करे। यह स्किन के टेक्सचर को सुधारने के साथ-साथ झुर्रियों को भी दूर रखता है।

**नाइट केयर:** रात को सोते समय हमारी स्किन रिपेयरिंग का काम करती है। इसलिए रात को जब नाइट क्रीम का यूज करते हैं तो इससे स्किन रिंकल फ्री और ग्लो करने लगती है। इसके लिए आप ऐलोवेरा जैल का भी यूज कर सकती हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं।

**केमिकल प्रोडक्ट्स:** जहां तक संभव हो स्किन केयर के लिए हमेशा बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का यूज करना चाहिए। केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन पर एक्ने और रिंकल जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनकी जगह नेचुरल प्रोडक्ट्स यूज करें।

**होम रेमेडीज:** स्किन को हाइड्रेट करने और फ्रेशनेस बनाए रखने के लिए आप होममेड फेसपैक जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पावडर और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनसे स्किन को कूलिंग इफेक्ट और फ्रेशनेस बनाए रखने में मदद मिलती है।

**मॉयश्चराइजर:** गर्मियों में अकसर लोग स्किन को मॉयश्चराइज करना अवॉयड करते हैं, जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गर्मी में लाइट या वॉटर बेस्ड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे। ❁ **(ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

डाइट सजेशन

**मुक्ता भावसार**

गर्मी के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इससे आप एनर्जेटिक फील करेंगी। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी डाइट के बारे में, जो आपको रखेंगे हाइड्रेटेड।

## गर्मी के मौसम में ऐसे रखें खुद को एनर्जेटिक-हाइड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ लू, थकान और शरीर में पानी की कमी जैसी कई समस्याएं लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर शरीर को समय-समय पर हाइड्रेट न किया जाए, तो चक्कर आना, थकावट और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्मियों में सही खान-पान और पर्याप्त पानी पीना न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि ऊर्जावान भी बनाए रखता है। गर्मियों में थोड़ी-सी सावधानी और कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकती हैं, बल्कि लू और थकान जैसी समस्याओं से भी बच सकती हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं:** गर्मी में रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है। अगर पसीना ज्यादा आता है, तो मात्रा और बढ़ा दें। ठंडा पानी नहीं, बल्कि सामान्य तापमान या हल्का ठंडा पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर सादा पानी पीने का मन न हो, तो उसमें नीबू, पुदीना, खीरा या तुलसी डालकर फ्लेवर्ड वाटर बनाएं। घर से निकलते समय एक गिलास पानी जरूर पीएं और पानी की बोतल साथ रखें।





**हाइड्रेटिंग फ्रूट्स:** तरबूज, खीरा, संतरा, अंगूर जैसे फलों में पानी भरपूर होता है। लौकी, तोरई जैसी सब्जियां और नारियल पानी शरीर को ठंडक और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। गर्मी के मौसम में इनका भरपूर सेवन करें। इसके साथ ही, नीबू पानी, लस्सी, बेल शरबत, आम का पना, जलजीरा और सौंफ-गुलकंद का पानी शरीर को ठंडा और पाचन को दुरुस्त रखते हैं। लस्सी, छाछ,



पुदीना-तुलसी ड्रिंक, सत्तू का शरबत, पान-गुलाब शरबत जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देते हैं। गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और कैफीन का सेवन करने से बचें।

**मसालेदार खाने से करें परहेज:** अपने भोजन में सलाद, दही, ताजे फल, दालें और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। तले-भुने और मसालेदार खाने से परहेज करें। जंक और स्ट्रीट फूड का सेवन ना करें, क्योंकि यह पेट में गर्मी और एसिडिटी बढ़ा सकता है। बेहतर पाचन और शरीर में पानी की संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन ही लें। ❁

**(आहार विशेषज्ञ पूनम विशाल ज्वेल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### खेत से हजारों रुपये के केबल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव मल्लेकां में एक किसान के खेतों से चोर हजारों रुपए की विद्युत केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट प्रवीण कुमार ने बताया कि उसका रकबा मल्लेकां में मलवानी रोड पर पड़ता है। खेतों में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगा हुआ है। चोरों ने बीती 17 अप्रेल की रात्रि को खेतों में घुसकर ट्यूबवैल की करीब 100 फुट केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे इस घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन चोरी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### सोलर पैनल का एसी चुरा ले गए चोर

**सिरसा।** जिला के गांव भंगू में एक किसान के खेतों में लगे सोलर पैनल का चोर एसी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डायरेक्टर अमित चावला ने बताया कि छतरियां रोड, भंगू पर उनका तारकोल-बजरी का प्लांट है। प्लांट को चलाने के लिए एक सोलर पैनल लगा हुआ है। पैनल को ठंडा रखने के लिए एसी लगा हुआ था। बीती 16 अप्रेल की रात्रि को चोर पैनल से एसी चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे इस घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन चोरी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### भाषण प्रतियोगिता में आयुष ने मारी बाजी

**हिसार।** श्री राधा कृष्णा सेवा समिति द्वारा पटेल नगर में स्थित भारत उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इसमें आयुष प्रथम स्थान, कंगना द्वितीय व सिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूल के सात अन्य बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। समिति के प्रधान सुभाष मुखीजा ने बताया कि स्कूल भाषण प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चे उच्च शिक्षा के साथ साथ सामाजिक जानकारी भी प्राप्त कर सकें।

## एमएम कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

# साइबर अपराध पर लगाम के लिए जागरूक होगा जरूरी : सतीश

- एसएसओ इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बैठक में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में साइबर सुरक्षा सेमिनार को संबोधित करते मुख्य वक्ता व उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

तकनीकी क्षेत्र में विकास के साथ-साथ साइबर अपराधियों के अपराध का तरीका भी बदलता जा रहा है। लोगों के साथ ठगी करने में अपराधी आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हैं। इससे बचाव के लिये हमें सतर्क रहना होगा। महज कानून बनाकर साइबर अपराध पर हम लगाम नहीं लगा सकते, इसके लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है।

यह बात एडवोकेट ईश्वर दास और साइबर पुलिस थाना फतेहाबाद के एसएसओ इंस्पैक्टर सतीश कुमार ने मनोहर मैमोरियल कॉलेज में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक एवं सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार साइबर सुरक्षा को लेकर आयोजित सेमिनार को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। यूथ रेडक्रास इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी कोहली की देखरेख में आयोजित इस सेमिनार का संचालन आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ. विजय गोयल ने किया।

विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए एडवोकेट ईश्वर दास ने साइबर अपराध और उससे सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। उन्होंने साइबर अपराध के ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक से होने वाले नुकसान, फिशिंग जैसे अपराध की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों को साइबर अपराध के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए. जागरूकता से ही इस अपराध से स्वयं को और अन्य लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के बारे में जानकारी मौजूदा समय की जरूरत बन गई है। जब लोग जागरूक होंगे, तभी वे साइबर ठगी से अपनी सुरक्षा कर पायेंगे। इसके अलावा, उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए जरूरी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी।

### सावधानी, सुरक्षा और सतर्कता जरूरी

साइबर थाना फतेहाबाद के एसएचओ इंस्पैक्टर सतीश कुमार ने कहा कि सावधानी, सतर्कता और सुरक्षा यह तीन बातें अपनाने की जरूरत है। अनजान इमेल, लिंक या संदेशों पर क्लिक करने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यदि कोई बैंक, ई-वॉलेट या सरकारी संस्था के नाम पर जानकारी मांगता है, तो उसकी सत्यता की जांच कर ही आगे कदम बढ़ाना चाहिए। सोशल मीडिया से सतर्क रहें। सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी सार्वजनिक न करें. संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, साइबर स्टाकिंग जैसे विषयों पर प्रकाश डाला और कानून और डिजिटल दुनिया की खतरों की बारीकियां से अवगत कराया। डॉ. मीनाक्षी कोहली ने अंत में अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन रजनी वर्मा, डॉ. तृप्ता मेहता, डॉ. भारती शर्मा, प्रो. प्रीत कौर, प्रो. राजदीप कौर सहित कॉलेज स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिलों के आवेदन 25 तक

- अंतिम तिथि के बाद फाइनल डाटा रिपोर्ट मूल दस्तावेज के साथ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना होगा

**सिरसा।** निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले के लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने एक बार फिर आवेदन की तारीख आगे बढ़ा दी है। प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर दाखिले के लिए अब 25 अप्रैल तक उज्जवल पोर्टल पर आवेदन होंगे। वहीं जिन अभिभावकों द्वारा दाखिला फार्म 19 तक अप्लाई किया गया है, को भी संसोधन करते हुए पुनः जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा दाखिला फार्म पोर्टल पर रद्द माना जाएगा। जिले में 330 के करीब निजी विद्यालय है। जिनमें से निदेशालय की ओर से करीब 86 ऐसे स्कूलों की सूची जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को जारी की गई थी, जिन्होंने 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों का ब्यौरा पोर्टल पर नहीं दर्शाया था। इसके पश्चात जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पड़ताल की गई तो इनमें से 46 स्कूल बंद हो चुके है। जबकि शेष 40 स्कूलों को विभाग की ओर से आरक्षित सीट जारी नहीं करने पर शोकाज नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि पहले शिक्षा विभाग ने राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिले के लिए आवेदन करने हेतु 21 अप्रैल की तारीख निर्धारित की थी, लेकिन अब शिक्षा विभाग ने आवेदन की तारीख चार दिन और आगे बढ़ा दी है। अब 25 अप्रैरल तक दाखिले होंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटाराम ने बताया कि आरटीई एक्ट 2009 की धारा 12 (1) के पात्र लाभार्थियों हेतु दाखिले आवेदन अब 25 अप्रैरल तक होंगे। अंतिम तिथि के बाद फाइनल डाटा रिपोर्ट मूल दस्तावेज के साथ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना होगा।


सिरसा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कवि। फोटो: हरिभूमि

### श्री युवक साहित्य सदन में कार्यक्रम

# मौजी की पुस्तक का लोकार्पण गजल गायकों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पंजाबी सत्कार सभा द्वारा श्री युवक साहित्य सदन में पुस्तक लोकार्पण समागम और गजल संध्या का आयोजन किया। समागम में प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव शाद मुख्यातिथि शामिल हुए। पंजाबी शायर कश्मीर मौजी की पुस्तक मैनू दस तां सही का लोकार्पण किया गया। लेखक राज कुमार निजात ने कहा कि कश्मीर मौजी ने पुस्तक में इंसान के हर भाव को बेहद प्रभावशाली ढंग से अपनी गजलों के माध्यम से उकेरा है। कवि सुरजीत सिरडी ने कहा कि इस गजल संग्रह को तैयार करने में मौजी ने अपनी कला और जीवन के अनुभवों से घुले भावों को बेहद कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया है। सभा के प्रधान प्रदीप सचदेवा ने समागम में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत किया और पंजाबी सत्कार सभा द्वारा पंजाबी भाषा, साहित्य, सभ्याचार और विरासत पर किए गए कार्यों की चर्चा की। बठिंडा से आए गायक बलकरण बल्ल ने पंजाबी गज़ल से मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मुख्य अतिथि ने दी बधाई

मुख्य अतिथि संजीव शाद ने कश्मीर मौजी को इस पुस्तक के लिए बधाई दी और कहा कि अगर दुनिया में कहीं भी कोई भी नई खोज हुई है वह प्रतिभा से भरे और अलमस्त लोगों ने ही की है। इस लिए समाज को कला और साहित्य से जुड़े लोगों की प्रतिभा को सम्मान देना चाहिए। प्रो. हरजिंद्र सिंह ने वर्तमान समय में सांस्कृतिक आंदोलन की जरूरत पर बल दिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काम करने का आह्वान किया। शायर कश्मीर मौजी ने अपने जीवन और गज़ल लेखन पर अपने विचार रखे। उन्होंने अपनी पुस्तक के लोकार्पण समारोह आयोजित करने पर आयोजकों और बड़ी संख्या में आए श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रभु दयाल, सुरजीत सिरडी, गुरजीत मान, प्रेम सिंह, आरके बांगा, मंजुल गुलाटी, लाज पुष्प, तरुण गुलाटी, मंजीत सिंह, पुष्पिंद्र सिंह, जसप्रीत बठला, हरभगवान आदि मौजूद रहे।

## 70 विद्यार्थियों को नि:शुल्क बांटी पाठ्य पुस्तकें


सिरसा। ट्रस्ट विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठय पुस्तकें वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट ने सोमवार को श्री गौशाला में चौथा पुस्तक वितरण समारोह किया, जिसमें 70 विद्यार्थियों को पाठय पुस्तक निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर ट्रक के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने बताया कि बुक बैंक कोरोना के समय में आरंभ किया गया था, उस समय बहुत से लोगों की नौकरियां चली गई थी और विद्यार्थियों की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। विद्यार्थी केवल पुस्तकें न खरीद पाने के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ रहे थे। तभी समाज की कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने यह निर्णय लिया कि इस प्रकार हम इस संस्था का संचालन करेंगे कि किसी विद्यार्थी को किताबों की कमी के कारण पढ़ाई न छोडनी पड़े और आज हम चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आशा किरण ग्रोवर द्वारा बच्चों को पढ़ाई के सही तरीके उनके बैठने के सही आसन एवं प्रकाश की सही स्थिति के विषय में बताया गया। उन्होंने बच्चों से अपने गुरु का पूर्ण सम्मान करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल एडवोकेट ने घोषणा की कि जो विद्यार्थी अच्छे अंक लाकर अथवा आईपीएस की तैयारी करना चाहेगा, उनका पूरा सहयोग उनके ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सीताराम खत्री, प्रेम कंदोई, रतन सिंह दुरेजा, रणजीत सिंह टक्कर आदि गणमान्य मौजूद थे।

## अंग्रेजी में फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर पीड़ित के करवाए हस्ताक्षर

# विदेश भेजने के नाम पर 7.30 लाख की ठगी करने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

पुलिस ने फर्जी वर्क परमीट वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख 30 रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ घोना पुत्र हरचरण सिंह निवासी कालांवाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि गुरप्रीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह निवासी गांव रघुआना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है तथा विदेश जाने का इच्छुक था। इस दौरान उसकी मुलाकात गुरप्रीत सिंह उर्फ घोना से हुई जो लोगों को विदेश भेजने के लिए वीजे लगवाने का काम करता है। गुरप्रीत उर्फ घोना ने पीड़ित व्यक्ति को वर्क परमीट पर विदेश भेजने के लिए 15 लाख रुपए की डिमांड की और 7 लाख 30 हजार रुपए पहले देने की बात कही और बाकी राशि विदेश जाने की टिकट कन्फर्म होने के बाद देने की बात तय हुई थी। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने 25 अक्तूबर 2022 को 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि गुगल-पे के माध्यय से गुरप्रीत उर्फ घोना के बेटे के खाते मे डाली दी थी और 5 लाख 80 हजार रुपए गुरप्रीत उर्फ घोना को नकद दे दिए थे। गुरप्रीत उर्फ घोना ने अंग्रेजी में फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर पीड़ित व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा लिए और टिकट कन्फर्म होने की बात कही।

### गुरप्रीत सिंह की शिकायत पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने बताया कुछ समय में बाद पीड़ित व्यक्ति ने जब पैसे मांगे तो इंमिग्रेशन सेंटर संचालक ने पैसे देने से मना कर दिया और कहने लगा कि जल्द ही आपका वीजा लग जाएगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर 15 अप्रैल 2025 को थाना बडागुढ़ा में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान बडागुढ़ा थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को कालांवाली से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी की राशि बरामद की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विदेश भेजने के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इमिग्रेशन सेंटर संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# 'अर्न व्हाइल लर्न' से छात्राओं को मिलेगा आर्थिक स्वावलंबन: डॉ. कुलदीप आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

*महाविद्यालय में मिराज-2025 फैशन शो का हुआ आयोजन*

गांव ओढां में स्थित माता हरकी देवी महिला शिक्षण महाविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा फैशन मिराज-2025 शो का आयोजन किया गया। इस शो में महाविद्यालय की 50 फैशन डिजाइनर छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कुलदीप कौर आनंद ने कहा कि इस फैशन शो का उद्देश्य फैशन डिजाइनिंग विभाग की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न परिधानों का प्रदर्शन करना एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करना है। उन्होंने कहा कि ऐसा मंच प्रदान कर छात्राओं की इस कला को व्यावसायिक दिशा प्रदान की जा सकती है व उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर किया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में चंडीगढ़ की मशहूर गायिका प्रेरणा कालिया के बैंड की मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन के साथ हुआ। फैशन शो में रैंप वॉक, फॉर्मल रनवे, थीम ड्रैस राउंड व सर्किट रन वे सहित 4 राउंड रखे गए। चारों राउंड के बाद शॉर्टलिस्ट मॉडल से निर्णायक मंडल ने प्रश्न पूछे। जिनके आधार पर 3 विजेता छात्राओं का चयन किया गया। जिसमें बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण ने मिस फैशनिस्टा, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मंजीत कौर ने सी इंस्टा तथा बीए प्रथम की छात्रा जीया ने रनवे स्कॉलर का खिताब जीता। इस शो में निर्णायक मंडल में पंजाबी फिल्म डस्ट्री से निहारिका, जानी मानी मेकअप आर्टिस्ट मेघा छाबड़ा, शालिनी सहगल व मेकअप आर्टिस्ट प्रीति बग्गा शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कुलदीप कौर आनंद ने माता हरकी देवी महाविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग विभाग 'अर्न व्हाइल लर्न' की सौगात दी। डॉ. आनंद ने बताया कि छात्राएं अपने द्वारा तैयार किए गए डिजाइन को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से बेचकर पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकेंगी।


फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष को मांग पत्र सौंपते आदर्श कालोनी के लोग।

## भाजपा जिलाध्यक्ष से बिजली विभाग से रास्ता खुलवाने की मांग

**फतेहाबाद।** आदर्श कालोनी के लोग आज अपनी समस्याओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से मिले और उन्हें सीएम नायब सिंह सैनी के नाम मांग पत्र सौंपा। कालोनीवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा कालोनी की तरफ जाने वाले रास्ते पर की गई तारबंदी को खोला जाए। कालोनीवासी भगवान दास, लालचंद, खान आदि ने बताया कि उनकी कालोनी 1983 से सरकार से मंजूरशुदा सोसाइटी एक्ट के तहत काटी गई थी। पहले यह मताना पंचायत के अधीन आती थी और पंचायत ने यहां गलियां, सडकें व साफ-सफाई की भी व्यवस्था की हुई थी। अब यह कालोनी नगरपरिषद के अधीन हो चुकी है और इसमे अब ना साफ-सफाई होती है और ना ही पानी, सीवरेज की व्यवस्था हुई है, जिससे लोग त्रस्त है। यहां के लोग आज मूलभूत सुविधाओ से वंचित है। महिलाओं को दूरदराज से पानी भरकर लाना पड़ता है और नालियों में गंदे पानी के कारण बीमारियों फैलने का डर बना रहता है। उन्होंने सीएम से कालोनी में पानी और सीवरेज व्यवस्था जल्द करने देने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कालोनीवासियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

*सैकड़ों एकड़ फसल जलकर राख*

# जेजेपी ने आगजनी से प्रभावित किसानों के पक्ष में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते जजपा कार्यकर्ता।

जननायक जनता पार्टी ने सोमवार को पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा के नेतृत्व में जिला के विभिन्न गांवों में आंधी व आगजनी से नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल के नष्ट होने पर उनकी गिरदावरी कर उचित मुआवजा देने संबंधी ज्ञापन महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम तहसीलदार सिरसा को सौंपा। जेजेपी की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि करीब तीन दिन पूर्व सिरसा जिले के गांव रुपाणा, लुदेसर, भंगू, दड़बा, सुचान, सिकंदरपुर, हंजीरा, जोधकां सहित अन्य गांवों में तेज आंधी व आगजनी के चलते नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल से अनेक किसान आर्थिक तौर पर प्रभावित हुए हैं। जेजेपी आपके माध्यम से चाहती है कि सरकार इन प्रभावित किसानों के हुए नुकसान का अविलंब सही आंकलन करवाकर गेहूं की नष्ट हुई फसल की गिरदावरी करवाकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। अशोक वर्मा ने कहा कि इस आगजनी में मूल रूप से सरकार की लापरवाही भी मुख्य कारण है क्योंकि खेतों के ऊपर से गुजरती बिजली की ढीली तारें नहीं कसी गई जिसका प्रभाव ये रहा कि आंधी से ये तारें आपस में टकराई जिससे चिंगारी पैदा हुई और यही चिंगारी सीधे तैयार खड़ी गेहूं की फसल में गिरी जिससे किसानों की मेहनत आग की चपेट में पूरी तरह स्वाह हो गई। ज्ञापन में कहा गया कि सिरसा जिले के उपरोक्त गांवों में भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है।

### नगर निगम ने किया स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली की अगुवाई व निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम की ओर से स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम की ओर से आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल में 'स्वच्छता का संस्कार' कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को साफ-सफाई व कचरा सेंग्रीगेशन, होम कंपोस्टिंग के महत्व के साथ-साथ प्लॉस्टिक के खतरों से अवगत करवाना। कार्यक्रम में सचिव राहुल सैनी, सीटीएल प्रदीप जाखड़, हरी राम, अजीत दरोगा सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

**खेल** | शतरंज एसोसिएशन ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता का किया आयोजन

# क्रेसंट स्कूल के नन्हे शतरंज सितारों ने लहराया परचम

*विभिन्न प्रतिभागियों ने जीती ट्रॉफी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्या। फोटो: हरिभूमि

क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लगन से जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शतरंज एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेलों के लिए जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने अद्वितीय कौशल एवं बौद्धिक सामथ्र्य से प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए शानदार सफलता अर्जित की। यह प्रतियोगिता डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई, जहां जिले भर से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आयु वर्गों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अनुशासन एवं उचित मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। कक्षा 12वीं कला संकाय के रजत ने आयु वर्ग 17 में शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं की अभिलाषा ने आयु वर्ग 15 में बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7वीं की जीनत ने आयु वर्ग 11 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सूझ-बूझ का परिचय दिया। वहीं, कक्षा 7वीं के विहान ने आयु वर्ग 11 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान, कक्षा 4 के विहान ने आयु वर्ग 9 में प्रथम स्थान और रुहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की जीत को और भी भव्य बना दिया। सबसे छोटे वर्ग में, कक्षा 2 की नन्ही प्रतिभागी प्रतिभा ने आयु वर्ग 7 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा से सभी को चकित कर दिया।

### प्रधानाचार्या ने दी बधाई

प्रधानाचार्या पूनम ने सभी विजयी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह ऐतिहासिक सफलता न केवल उनके बौद्धिक विकास का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाता है कि क्रेसण्ट स्कूल शिक्षा के साथ-साथ मानसिक विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी हर मंच पर उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल एक खेल आयोजन थी, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, धैर्य एवं रणनीतिक सोच को प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुई।

## लूट के बाद एक्शन, नाकाबंदी कर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया


सिरसा। पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**डबवाली।** पुलिस ने भारत माला रोड पर हुई लूट के मामले में दो लुटेरों को काबू कर लिया है। आरोपियों की पहचान अनीष कुमार उर्फ निक्का पुत्र जगसीर सिंह व सोनी कुमार पुत्र रामस्वरूप सक्ताखेड़ा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग गंडासी, मोटरसाइकिल व लूटी गई राशि भी बरामद की गई है । चौटाला चौकी प्रभारी आनन्द कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल 2025 को बबुराम पुत्र सांगा राम निवासी भीटीवाला थाना लम्बी, जिला मुक्तसर (पंजाब) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह तुड़ी की ट्राली लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता है। 20 अप्रैल की रात को वह गांव चकजालू में तुड़ी की ट्राली उतार कर अपने साथी मनिंद्र सिंह पुत्र जगतार सिंह व अन्य के साथ भीटीवाला जा रहे थे। गांव सक्ताखेड़ा के पास पेट्रोल पम्प से तेल डलवाने गए तो वह अपने साथी मनिंद्र के साथ चौधरी होटल के पास किसी काम से उतर गया तो पीछे से मोटरसाईकिल पर सवार युवक उनके पास आकर रूके और मोटरसाईकिल सवार इन लडकों ने गंडासी दिखाकर उनसे नगदी व मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोटरसाईकल, वारदात में प्रयोगशुदा गंडासी व चोरी किए गए रुपये बरामद किए।

**खबर संक्षेप**

### सुंदर नगर में चोरी, आधी रात के बाद घर में घुसे चोर

**फतेहाबाद।** शहर के सुंदर नगर में रविवार रात को चोरों ने एक घर में घुसकर चोरी कर ली। चोरों ने गेट की कुंडी तोडक़र घर के अंदर प्रवेश किया। अंदर जाकर कमरे में रखी अलमारी को तोड़ा। इसके बाद उसमें रखे हजारों रुपए चोरी कर ले गए। साथ ही छोटे-छोटे ट्रंकों को भी खंगाला गया। चोर कमरे में रखा सारा सामान भी बिखेर गए। मकान मालिक बृजलाल ने बताया कि चोर रात को करीब ढाई बजे से तीन बजे के बीच घुसे हैं। पहले मेन गेट तोडऩे का प्रयास किया। जब वह नहीं टूटा तो साथ में बने कमरे के गेट की कुंडी तोडक़र अंदर घुसे हैं। दो चोर बताए जा रहे हैं। इनमें से एक ने टोपी लगाई हुई थी जबकि एक ने मुंह पर अंगोछा डाला हुआ था। रात को चोरी की सूचना डायल 112 टीम को दी गई। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। मकान मालिक ने आशंका जताई है कि नशेड़ी युवकों ने इस चोरी को अंजाम दिया है। उन्हें यह भी शक है कि इन लोगों ने आसपास में और भी जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। डायल 112 की टीम ने उन्हें पुलिस थाने में शिकायत देने के लिए कहा है।

### श्री पाबूजी धाम के मुख्य द्वार की रखी आधारशिला

**भूना।** नेहरू पार्क के पास श्री पाबूजी धाम मंदिर के मुख्य द्वार की आधारशिला रविवार को रखी गई। कार्यक्रम में मंत्रोच्चारण और विधिविधान के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा ने शिलान्यास किया। फतेहाबाद से जगदीश नायक और पार्षद रामनिवास नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संचालन प्रधान फतेह सिंह नायक ने किया। पसरीजा ने कहा कि मंदिर का भव्य मुख्य द्वार बनाने की योजना पहले से थी। श्रद्धालुओं की भावना के चलते रविवार को इसकी शुरुआत कर दी गई। उन्होंने कहा कि धर्म हमें परोपकार की राह दिखाता है।

एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता

# फतेहाबाद जोन ने टोहाना को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित फतेहाबाद क्रिकेट लीग में अंडर-11 और अंडर-14 आयुवर्ग के फाइनल मुकाबलों में फतेहाबाद जोन की टीम ने दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। गांव बहबलपुर स्थित रॉयल क्रिकेट अकैडमी में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्यअतिथि के तौर पर रॉयल पब्लिक स्कूल बहबलपुर के डायरेक्टर डॉ. हरमेन्द्र सिंह ने भाग लिया और विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सत्यवान, विकास बिश्नोई, विजय मिढ़ा, अजमेर व महेन्द्र सिंह ने शिरकत की। एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान प्रहलाद सिंह कुलरिया व सचिव अरूण खोड़ ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग में फतेहाबाद ने टोहाना जोन को 30 रनों से हराया। फतेहाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवरों में 121 रन बनाए। इसमें आकाशदीप ने नाबाद 52 व प्रतीक कस्वां ने 27 रनों का योगदान दिया। टोहाना की ओर से शिवम ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टोहाना की टीम 91 रन ही बना पाई। इसमें शिवम ने 34 रनों का योगदान दिया। फतेहाबाद ने इस मैच को 30 रनों से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन पर आकाशदीप को मैन ऑफ दी मैच व शिवम को मैन ऑफ दी सीरिज चुना गया। शिवम को बेस्ट बॉलर व आकाशदीप बेस्ट बेट्समैन चुने गए। इसी तरह अंडर-14 आयुवर्ग का फाइनल मुकाबला फतेहाबाद व टोहाना जोन के बीच हुआ। फतेहाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 40 ओवरों में 222 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। फतेहाबाद की ओर से हेमंत गोयल ने 55, रिहान राजपूत ने 18, हरविन कटारिया और काव्या ने 18-18 रनों का योगदान दिया। टोहाना की ओर से जगेश व समीर ने 2-2 विकेट लिए।


**फतेहाबाद।** क्रिकेट लीग में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

# आर्थिक तंगी के चलते गोशालाएं नहीं खरीद पा रही तूड़ी, सरकार जारी करे बजट : प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्षेत्र की गौशालाओं में इन दिनों बजट के अभाव में गायों के लिए तूड़ी का स्टॉक नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में गौशालाओं में गौवंश के लिए चारे का संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में क्षेत्र के गौसेवकों ने प्रदेश सरकार से गौशालाओं को तूड़ी का स्टॉक करने के लिए बजट अलाट करने की मांग की है। गेहूं के सीजन को देखते हुए अगर सरकार जल्द बजट जारी करती है तो गौशालाएं तूड़ी के स्टॉक को पूरा कर सकती है। सरकार से आर्थिक मदद न मिलने के कारण गौशालाएं तूड़ी की खरीद नहीं कर पा रही है। गौसेवक मुकेश प्रजापति ने कहा कि अगर सरकार तुरंत गौशालाओं को बजट जारी नहीं करती है तो गौशालाओं में गौवंश को रखना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अगर गौवंश सडक़ों पर आता है तो उससे सडक़ हादसे होने का डर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि गौसेवक स्वयं भी अपने स्तर पर गौशालाओं की आर्थिक मदद कर रहे हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। ऐसे में सरकार तुरंत आर्थिक मदद करें।

### पुशओं के लिए चारे का संकट



गौसेवक मुकेश प्रजापति ने कहा कि इन दिनों खेतों में गेहूं निकालने का काम लगभग पूरा होने को है लेकिन क्षेत्र की अनेक गौशालाओं में अभी तक तूड़ी का पर्याप्त स्टॉक नहीं हो पाया है। गेहूं के सीजन में गौशाला प्रबंधक पूरे साल के लिए गौवंश के चारे के लिए तूड़ी का स्टॉक कर लेते हैं। काफी संख्या में किसान हर साल गौशालाओं में तूड़ी का दान भी करते हैं लेकिन इसके बावजूद गौशालाओं में पूरे साल चारे का संकट न हो, इसके लिए गौशालाएं स्वयं भी अपने स्तर पर काफी मात्रा में तूड़ी की खरीद करती है लेकिन इस साल सरकार द्वारा अब तक बजट जारी न करने से गौशालाओं के सामने बजट का संकट खड़ा हो गया है।

## पुलिस ने गांजा तस्करी मामले में तीसरा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

शहर फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान नवीन कुमार उर्फ शीलू पुत्र दलबीर सिंह निवासी नेहरू पार्क, वार्ड नं. 12, भूना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 3700 रुपये की नकदी भी बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 20 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने शहर में गश्त के दौरान लाल बत्ती चौक के समीप से दो युवकों दलबीर पुत्र मनोहर लाल निवासी अग्रोहा मोड व दीपक कुमार उर्फ दीपू दहिया पुत्र जगदीश चन्द्र निवासी अशोक नगर फतेहाबाद को गिरफ्तार किया था।

# पोषण आहार समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न अंगः प्राचार्य जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण आहार संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य रामकुमार जांगड़ा ने छात्राओं से कहा कि पोषण समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है।

प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन करता है और हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करता है। उचित पोषण मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ाता है, मूड और संज्ञानात्मक कार्य में सुधार करता है।

डॉ. प्रीत कौर ने छात्राओं से कहा कि आधुनिक समय में इंसान फास्ट फूड का सेवन अधिक मात्रा में करने लगा है। पोषक आहार खाने से कई कारणों से स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने और बीमारियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पोषक आहार संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी सांझा की।


**सिरसा।** डॉ. प्रीत कौर ने छात्राओं को पोषण आहार बारे जानकारी देते हुए।

# लिफ्ट के बहाने पटवारी से छीना झपटी करने वाले बदमाश को पुलिस ने कुछ ही घंटों में पकड़ा

आरोपी के पास से छीने गए मोबाइल व 2500 रुपये की नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे पर एक युवक को लिफ्ट देना पटवारी को महंगा पड़ गया। बदमाश पटवारी से मोबाइल फोन व नकदी छीनकर फरार हो गया। इस मामले में पटवारी की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की और आरोपी युवक को वारदात के कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान चन्द्रभान पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी खाराखेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से छीने गए मोबाइल व 2500 रुपये की नकदी बरामद कर ली है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 20 अप्रैल को हिसार के गांव सदलपुर निवासी राम सिंह भादू की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

पुलिस को दी शिकायत में हिसार के गांव सदलपुर निवासी राम सिंह भादू ने कहा है कि वह गांव लांधड़ी में पटवारी के पद पर नौकरी करता है। गत दिवस शाम को वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव सदलपुर जा रहा था। जैसे ही वह गांव भोड़ा होशनाक के पास पहुंचा तो एक युवक ने हाथ देकर उसका मोटरसाइकिल रूकवा लिया और कहा कि उसने खाराखेड़ी जाना है। वह उसे खाराखेड़ी तक लिफ्ट दे दे। इसके बाद युवक उसके मोटरसाइकिल पर बैठ गया। जब हम कुछ ही दूरी पर पहुंचे तो लडक़े ने उसे उतारने को कहा, जिस पर उसने मोटरसाइकिल रोक लिया। राम सिंह ने कहा कि मोटरसाइकिल रोकने के बाद उक्त युवक ने मोबाइल व नकदी छीन ली।



### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 15 मई

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार ने एमएसएमई के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं, जिसके तहत विभिन्न श्रेणियों में कुल 44 पुरस्कार दिए जाएंगे। पात्र एमएसएमई संबंधित श्रेणी में ऑनलाइन आवेदन जमा करेंगे। एक उद्यमी एक से अधिक श्रेणी के पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई ने पिछले 5 दशकों में अत्याधिक विकास किया है, साथ ही गुणवतापूर्वक उत्पादन, निर्यात, नवाचार और उत्पाद और प्रक्रिया विकास के मामले में भी प्रगति दर्ज की है। उद्यमशीलता के प्रयासों से कई वस्तुओं का उत्पादन संभव हो पाया है, जिन्हें अब तक आयात किया जाता था। उन्होंने बताया कि एमएसएमई के गुणात्मक विकास के व्यापक हित में ऐसे अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहित करना और उनकी भावना को बढ़ावा देना संभव हो पाया है। एमएसएमई मंत्रालय इन उद्यमियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किये गए उनके योगदान को मान्यता देता है और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदान करके उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत विभिन्न श्रेणियों में कुल 44 पुरस्कार दिए जाएंगे जिसमें से विनिर्माण उद्यमिता के लिए 12 पुरस्कार, सेवा उद्यमिता के लिए 9 पुरस्कार, उद्यमों की विशेष श्रेणी के लिए 14 पुरस्कार जिसमें महिला उद्यमिता, एससी/एसटी श्रेणी, दिव्यांग श्रेणी, एनइआर राज्यों से संबंधित उद्यमी शामिल है।

# सरकार के गेहूं खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे फेल साबित हुए : बजरंग गर्ग

- गेहूं खरीद पर 300 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने फतेहाबाद अनाज मण्डी में व्यापारियों की मीटिंग ली और गेहूं खरीद का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे फेल सिद्ध हुए है। 48 घंटे में गेहूं का उठान नही हो रहा है तो भुगतान सरकार कैसे करेगी। सरकार ने गेहूं उठान का टैंडर लेट दिया और मण्डियों में बारदाना भी लेट देने के कारण भी गेहूं उठान में देरी हुई है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की लाहपरवाही के कारण लाखों मीट्रिक टन गेहूं मण्डी व सडक़ों में पड़ी है। गेहूं का उठान सिर्फ 31 प्रतिशत मण्डियों में हुआ है। गेहूं का समय पर उठान ना होने के कारण गेहूं मण्डी व सडक़ों पर खराब हो रही है। गर्ग ने कहा कि खरीद व उठान लेट होने के कारण करोड़ों रुपए की गेहूं की फसल जलकर व बारिश से खराब हो गई है। सरकार को तुरंत किसान की गेहूं के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए और गेहूं की खरीद पर 300 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सकें।


**फतेहाबाद।** मंडी में गेहूं खरीद का जायजा लेते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

### रतिया में श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन 27 को, पावनी खुराना करेंगी भजन गायन

**रतिया।** पुराना बस स्टैंड के समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा तीसरे विशाल संकीर्तन का आयोजन पुराना बस स्टैंड प्रांगण में 27 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। पुराना बस स्टैंड व आसपास के प्रांगण को फूलों व रंगीन लाइटों से सुसज्जित कर श्री श्याम बाबा दरबार की आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की जाएगी। यह जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी सतपाल गर्ग व संजय गोयल ने बताया कि इस विशाल संकीर्तन के प्रचार-प्रसार हेतू श्याम प्रेमियों द्वारा संयुक्त रुप से पुराना बस स्टैंड सहित आसपास की अनेक जगहों में डोर टू डोर जाकर श्रद्धालुओं को इस विशाल संकीर्तन में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा हैं। इस विशाल संकीर्तन के प्रति श्रद्धालुओं में काफी उत्साह पाया जा रहा है। विशाल संकीर्तन में अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बांसल, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अरविंद सिहा, पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा व सोहन लाल गोयल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस विशाल संकीर्तन में हिसार की हिसार की भजन गायिका पावनी खुराना, दीपक जैन, गर्ग सिस्टर भक्ति से ओतप्रोत भजनों के माध्यम से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस विशाल संकीर्तन में श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट व श्री बांके बिहारी महिला मंडल सहित समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग रहेगा। इस मौके पर दिवान चंद, हैप्पी ग्रोवर, विशाल मेहता, विनोद कुमार, रिंकू जिंदल, अखिलेख सिंगला, चिरंजी मेहता, मुनीष बांसल, कृष्ण मित्तल, अंकुश शर्मा आदि श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

# आंधी, बारिश व आगजनी से पीड़ित किसानों को तुरंत मुआवजा दे सरकार : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद सहित प्रदेश के अन्य जिलों में धूल भरी आंधी, तूफान और बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए सरकार से तुरंत प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धूल भारी आंधी और बारिश से पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल,जींद, करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, झज्जर, भिवानी, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में किसानों की लाखों टन फसल खराब हो गई है। किसानों का 30 लाख टन से अधिक गेहूं इन जिलों की मंडियों में रखा हुआ है जिसका अभी तक उठान नहीं हुआ है। वहीं गेहूं की फसल में आग लगने से हिसार में दर्जनों एकड़, सिरसा में करीब 400 एकड़, कैथल में करीब 135 एकड़, कुरुक्षेत्र में करीब 170 एकड़ और झज्जर में लगभग 200 एकड़ मिला के लगभग 1000 से ज्यादा एकड़ में फसल पूरी तरह से जल गई। बारिश, तूफान और आग लगने से अन्नदाता पर चौतरफा मार पड़ी है। जहां आग लगने से फसल जल के राख ही गई वहीं धूल भारी अंधी और बारिश से खेतों में खड़ी फसल बिछ गई और मंडियों में उठान न होने के कारण खुले में पड़ी फसल पूरी तरह से भीग गई। सुनैना चौटाला ने कहा की जब हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री मोदी की रैली के लिए किसानों को उसकी फसल के साथ 61 हजार रुपये मुआवजे के तौर पर दे सकती है तो अब हजारों एकड़ फसल बर्बाद होने के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए सरकार तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को उनकी बर्बाद हुई फसल का 61 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे। अगर मुआवजा देने में देरी की तो इनेलो पार्टी किसानों के पक्ष में खड़ी होके सडक़ों पर उनकी लड़ाई लड़ेगी।

# इनेलो ने उपायुक्त को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- किसानों की गिरदावरी करवाकर 61 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की मांग
- आंधी व बारिश से किसानों को भारी नुकसान

जिला परिषद के अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला के नेतृत्व में सोमवार को इनेलो कार्यकर्ताओं और विभिन्न गांवों के किसान उपायुक्त से मिले और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में इनेलो की ओर से पिछले दिनों जिले के विभिन्न गांवों लुदेसर, रुपाणा दड़बा, भूर्टवाला व चिलकनी ढाब आदि में आंधी व आगजनी से नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल के नष्ट होने पर उनकी गिरदावरी कर 61 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की मांग की गई। ज्ञापन में इनेलो की ओर से आगजनी में ट्यूब्वैल व एक ट्रेक्टर के भी नष्ट होने का हवाला देकर संबंधित किसानों को जल्द से जल्द उनकी क्षतिपूर्ति करने का आग्रह किया गया है। उपायुक्त ने इनेलो के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से आगजनी व आंधी से प्रभावित हुई फसल का आंकलन करवाया जा रहा है और शीघ्र ही फाइनल रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी तथा प्रभावित किसानों की उचित मदद की जाएगी। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह, विनोद बेनीवाल, आढती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोहर मेहता, महावीर शर्मा, प्रदीप मेहता, गुरविंद्र व अन्य मौजूद रहे।



### वास्तुकार ढिल्लों को मिली पीएचडी की मानद उपाधि

**सिरसा।** सिरसा निवासी वास्तुकार गुरभेज सिंह ढिल्लों को पीएचडी की मानद उपाधि मिली है। यह उपाधि उन्हें दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित समारोह में लिजेंडरी पीस अवार्ड कौंसिल की तरफ से प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों को ज्योतिष व वास्तु के क्षेत्र में देश-विदेश में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए ये सम्मान दिया गया है। इस सम्मान पर डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों ने कहा कि उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि मिलने पर खुशी का अनुभव हो रहा है। उन्होंने इस उपाधि से अब और ज्यादा गंभीरता से ज्योतिष व वास्तु के क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा मिली है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में एक दिवसीय रोजगार मेला

# आईटीआई में लगा मेला, 74 विद्यार्थियों को मिली नौकरी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना कम्पनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आईटीआई पास छात्रों का साक्षात्कार लिया। इस रोजगार मेले में कुल 115 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 74 छात्रों को विभिन्न पदों पर चयनित किया गया। चयनित छात्रों को रोजगार प्राप्ति की खुशी में संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन छात्रों के लिए बहुत लाभकारी है, क्योंकि यह उन्हें न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें उद्योग जगत के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले छात्रों के करियर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी पेशेवर यात्रा को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। रोजगार मेले का उद्देश्य छात्रों को उनके प्रशिक्षण के अनुरूप उपयुक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। साथ ही, संस्थान के सभी छात्रों को उद्योगों में काम करने के लिए सक्षम और तैयार करना भी हमारा प्रमुख लक्ष्य है। हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना के प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में विद्यार्थियों से साक्षात्कार लिया।



### युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए रोजगार मेला कल

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार दुहन ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए 23 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में मिडलेंड माइक्रो फाइनेंस, अन्नपूर्णा स्मॉल फाइनेंस, शक्ति मोटर्स, पुखराज हेल्थकेयर, श्री राम पूनिया कोऑपरेटिव तथा एलआईसी द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस मेले में भाग लेने के लिए युवाओं का हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में नाम दर्ज होना अनिवार्य है।